## कार्यपत्र-12

1. **सही उत्तर पर ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

   (क) वाक्य में लिंग तथा वचन के अनुसार किसका रूप बदलता है? (i) क्रिया का ✓

   (ख) जहाँ कोई क्रिया किसी की प्रेरणा से हो रही हो, उसे ________ कहते हैं। (i) प्रेरणार्थक क्रिया ✓

   (ग) किस क्रिया का प्रभाव सीधे कर्ता पर पड़ता है? (iv) अकर्मक क्रिया ✓

   (घ) किस वाक्य में अकर्मक क्रिया नहीं है? (iv) माँ ने बच्चों के लिए खाना बनाया। ✓

   (ङ) द्‌विकर्मक क्रिया में कितने कर्म होते हैं? (ii) दो ✓

2. **नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

   (क) ऐसे शब्द जिनसे काम के करने या होने का पता चलता है, उन्हें क्रिया कहते हैं; जैसे– वह खेल रहा है।

   (ख) वाक्य में सकर्मक क्रिया की पहचान करने के लिए 'क्या' लगाकर प्रश्न करना चाहिए, यदि प्रश्नों का उत्तर मिले तो क्रिया सकर्मक होगी और यदि कोई उत्तर न मिले तो अकर्मक।

   जैसे– उसने मुझे सेब दिया। क्या दिया? – सेब

   अतः इस वाक्य की क्रिया, सकर्मक क्रिया है।

   (ग) क्रिया का मूल रूप धातु कहलाता है। जैसे– पढ़, लिख, चल, बैठ आदि।

   (घ) सकर्मक क्रिया के दो भेद हैं– एककर्मक और द्‌विकर्मक। जिन क्रियाओं का एक कर्म होता है, वे एककर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं तथा जिन क्रियाओं में दो कर्म होते हैं, वे द्‌विकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं।

3. **कोष्ठक में दिए शब्दों के उचित क्रिया रूप से रिक्त स्थान भरिए।**

   (क) माँ ने खाना **बनाया**। (बनाना)

   (ख) नीरज ने सचिन को **पढ़ाया**। (पढ़)

   (ग) सैनिक वीरता के साथ **लड़े**। (लड़)

   (घ) वह परीक्षा देने **जाएगा**। (जा)

   (ङ) पेड़ पर तोता **बैठा है**। (बैठ)

   (च) रवि कल आगरा **आएगा**। (आ)

4. **कर्म के आधार पर वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं का भेद लिखिए।**

   (क) राहुल दौड़ रहा है। — अकर्मक क्रिया

   (ख) किसान हल से खेत जोत रहा है। — सकर्मक क्रिया

   (ग) पेड़ पर बंदर उछल-कूद कर रहे हैं। — सकर्मक क्रिया

   (घ) महेश ने विनय को पुस्तक दे दी। — सकर्मक क्रिया

   (ङ) मुझे बहुत नींद आ रही है। — सकर्मक क्रिया

   (च) नेहा नाच रही है। — अकर्मक क्रिया